**11.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) 'बाज़ार दर्शन' पाठ के आधार पर लिखिए कि पैसे की पावर का रस किन दो रूपों में प्राप्त किया जा सकता है ।

(ख) 'लक्ष्मी की समृद्धि भक्तिन के कपाल की कुंचित रेखाओं में बँध न सकी ।' 'भक्तिन' पाठ के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ग) शिरीष के फलों की तुलना किससे और क्यों की गई है ?

**12.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के आधार पर लिखिए कि अपाहिज व्यक्ति की शब्दहीन पीड़ा को मीडियाकर्मी किस प्रकार अभिव्यक्त करना चाहता है । क्या वह अपने उद्देश्य में सफल हो पाता है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

(ख) 'मैं पेंच खोलने की बजाए
उसे बेतरह कसता चला जा रहा था'
— उपर्युक्त पंक्तियों के आधार पर लिखिए कि 'भाषा में पेंच कसना' का क्या अभिप्राय है । इसका क्या परिणाम निकला ? कवि पेंच क्यों कसता चला गया ?

(ग) चिड़िया, फूल और बच्चों की उड़ान के साथ कविता की तुलना करते हुए कवि ने कविता को किसके समान बताया है और क्यों ?

**13.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) 'आत्मपरिचय' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि का दृष्टिकोण सांसारिक मनुष्यों से किस प्रकार भिन्न है ।

(ख) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' गीत के आधार पर लिखिए कि कौन-सा विचार दिन ढलते समय चिड़िया के परों में तीव्रता भर देता है ।

(ग) शरदकालीन सुबह की तुलना किससे और किस आधार पर की गई है ? 'पतंग' कविता के आधार पर लिखिए ।



https://www.evidyarthi.in/